राजनाथ सिंह
RAJNATH SINGH

रक्षा मंत्री
भारत
DEFENCE MINISTER
INDIA

सत्यमेव जयते

संदेश

हिन्दी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

संविधान निर्माताओं ने हिंदी को संपर्क भाषा के रूप में सर्वाधिक उपयुक्त समझते हुए 14 सितम्बर, 1949 को इसे भारत संघ की राजभाषा के रूप में अंगीकार किया। तब से प्रति वर्ष 14 सितम्बर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

भारतीय स्वाधीनता संग्राम के दौरान राष्ट्रीय स्वाभिमान के प्रतीक के रूप में हिन्दी की अहम भूमिका रही थी। बदलते परिवेश में भारत जैसे विशाल, विविधता पूर्ण और बहुभाषी देश में अखिल भारतीय स्तर पर विचारों के आदान–प्रदान के लिए एक ऐसी भाषा की नितांत आवश्यकता है जिसे देश के अधिकांश लोग बोल व समझ सकें। आज कश्मीर से कन्या कुमारी तक हिन्दी हमारी राष्ट्रीय एकता का मूल स्वर है। हिन्दी केवल साहित्य एवं संस्कृति ही नहीं बल्कि ज्ञान एवं विज्ञान के विविध क्षेत्रों में भी अभिव्यक्ति के सशक्त माध्यम के रूप में सार्थक भूमिका निभा रही है। यह राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता को बढ़ावा देने और देश की सामासिक संस्कृति को अभिव्यक्त करने में भी पूर्णरूपेण सक्षम एवं सफल है।

मुझे यह जानकर हर्ष हो रहा है कि इस वर्ष भी सितम्बर माह में रक्षा मंत्रालय व अन्य सभी रक्षा संगठनों में हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। मैं रक्षा मंत्रालय, सशस्त्र सेनाओं व सभी रक्षा संगठनों के अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील करता हूँ कि वे हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में बढ़–चढ़ कर भाग लें तथा सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करें।

एक बार फिर से हिन्दी दिवस के शुभ अवसर पर रक्षा मंत्रालय, सभी सशस्त्र सेनाओं एवं अन्य रक्षा संगठनों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

"जय हिन्द"

(राजनाथ सिंह)

नई दिल्ली
31 अगस्त, 2019

Office : Room No. 104, Ministry of Defence, South Block, New Delhi-110011
Tel. : +91 11 23012286, +91 11 23019030, Fax : +91 11 23015403
E-mail : rmo@mod.nic.in